तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 अतिथियों ने हरिभूमि के सामाजिक सरोकारों को सराहा,किया गया कैलेंडर का विमोचन



## खबर संक्षेप

### टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट वितरण

**रायगढ़।** जिला चिकित्सालय में टीबी रोगियों हेतु फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 32 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। आयोजन का उद्देश्य टीबी उन्मूलन अभियान को सुदृढ़ करते हुए रोगियों को पोषण व परामर्श के माध्यम से उपचार में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर मरीजों को नियमित रूप से दवा सेवन, समय पर जांच कराने तथा उपचार के प्रति सतर्क रहने का परामर्श भी दिया गयाए जिससे उपचार की निरंतरता बनी रहे और शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता मिल सके। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एके कुशवाहा, डॉ.पीके गुप्ता, के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### शिव महापुराण यज्ञ का आयोजन कल से

**खरसिया।** खरसिया के गौशाला तालाब शिव मंदिर के पास 4 से 12 जनवरी तक शिव महापुराण यज्ञ संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यास पीठ पर कथावाचक आचार्य पंडित बृजेश तिवारी खैरमुड़ा वाले अपनी मधुर वाणी से कथा का रसपान कराएंगे। शिव महापुराण यज्ञ के अंतर्गत 4 जनवरी को कलश यात्रा होगी। 5 को कथा प्रारंभ 6 जनवरी को विद्येश्वर संहिताए 7 जनवरी को सती खंड संहिताए 8 जनवरी को शिव पार्वती विवाहए 9 जनवरी को रूद्र संहिताए कुमार खंडए 10 जनवरी को कोटि रूद्र, उमा संहिता एवं 11 जनवरी को वायवीय संहिताए पंचाक्षरी महिमा का प्रवचन किया जाएगा। पूर्णाहुति सहस्त्र धाराए भंडारा का आयोजन सोमवार 12 जनवरी को किया गया है। शिव महापुराण यज्ञ का आयोजन मोहरमती डनसेना त्रिनाथ प्रसाद एवं रामेश्वरी दर्शन ने परिवार ईस्ट मित्रों सहित कथा रसपान कर अक्षय पुण्य प्राप्त करने अनुरोध सभी से किया है।

### सरवानी में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**खरसिया।** 2 जनवरी को ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन खरसिया के ग्राम सरवानी में किया गया। स्वास्थ्य मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और 670 लोगों ने इसका फायदा उठाया और स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही निःशुल्क दवायें भी प्राप्त की। इस मेले में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती शिखा रविन्द्र गवेल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायगढ़ ललित कुमार उरांव, सरपंच, ग्राम पंचायत सरवानी महेश साहू, छाया विधायक विधानसभा खरसिया, श्रीमती राम कुमारी राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया, डॉ हितेश गवेल, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खरसिया के द्वारा भगवान धनवंतरी के शैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयुष मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी डॉ एम महापात्र ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए आहार विहार दिनचर्या ऋतु चर्याए योगए आसानए प्राणायाम आदि के बारे में उपस्थित लोगों को बताया।

### अवैध रेत उत्खनन : 1 चैन माउंटेन व 2 ट्रैक्टर जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज टास्क फोर्स द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनों, स्थानो का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम बिर्रा में अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के सुपुर्द किया गया। साथ ही तहसील जांजगीर के केवा-नवापारा में अवैध रेत खनन करने वाली 1 चैन माउंटेन जब्त की गई। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की गई है।


## 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शराबियों ने गटक ली 4 करोड़ की शराब

# नए साल के स्वागत में थर्टी फर्स्ट को शराबियों ने ऐसे छलकाए जाम की टूट गया 15 साल का रिकार्ड

**विभाग को रिकार्ड तोड़ मिला राजस्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

नए साल के जश्न का शराबियों में ऐसा सुरुर चढ़ा की पीने में बीते 15 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। यह हम नहीं बल्कि आबकारी विभाग का आंकड़ा कह रहा है। यहां नए साल के स्वागत में थर्टी फर्स्ट को शराबियों ने जाम पर जाम छलकाए की आबकारी विभाग का बल्ले-बल्ले हो गया। इससे विभाग का जहां तिजोरी भर गया । वहीं रिकार्ड राजस्व की वसूली होने की बात कही जा रही है।



दूसरी ओर सरकार नशा मुक्ति के लिए हर साल एनजीओ को लाखों की अनुदान दे रही है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि शासन की नशामुक्ति का असर कहां और कैसे हो रहा है। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत करने लोगों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शराब के लिए ज्यादा खर्च किए। 31 दिसंबर को रायगढ़ जिले में 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। इनमें सबसे ज्यादा विदेशी मदिरा की बिक्री हुई है। वर्ष 2024 में साल के अंतिम दिन में जिले में जहां महज डेढ़ करोड़ रुपए के करीब शराब की बिक्री हुई थी। इस लिहाज से इस साल के अंत में बीते 15 साल की तुलना में दोगुना शराब की बिक्री हुई है। शराब की कीमत ज्यादा होने की वजह से आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हुई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल नए साल के स्वागत में लोगों नें 4 करोड़ शराब पर खर्च कर किया है। इसमें सबसे ज्यादा बिक्री प्रीमियम दुकानों में हुई है।

**टूटा रिकार्ड, मिला राजस्व**

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार जिले में 31 दिसंबर की रात को कुल 2 करोड़ 10 लाख रूपए की शराब की बिक्री की गई। वहीं नए साल वाले दिन महज 1 करोड़ 90 लाख रूपए की शराब बिक्री हुई। पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा बढ़ा हुआ है, पिछले साल नए साल पर जिले में 1 करोड़ 45 लाख रूपए की बिक्री हुई थी ।

**इस बार कम लोगों को ही दिया लाइसेंस**

साल के अंतिम दिन शराब परोसने फार्म हाउस संचालकों के साथ कई निजी लोगों ने आबकारी विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। मापदंड में खरा उतरने वाले कुछ ही लोगों को ही शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया। जिन लोगों को शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया, उनमें एक रिसोर्ट के साथ ज्यादातर होटल तथा रेस्टोरेंट संचालक हैं।

**इस वजह से दिखा डर**

हर बार साल के आखिरी दिन विवाद होने के साथ मारपीट करने की घटनाएं सामने आती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस एक सप्ताह पहले से ही बदमाशों को एकत्रित कर उनकी क्लास लेने लगी थी। इस वजह से भी बदमाश सहमे हुए थे और आपराधिक घटना को अंजाम देने से बचते नजर आए।

### 100 बिस्तर अस्पताल में वैजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी का सफल ऑपरेशन

**रायगढ़।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार गुणवत्ता और सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में मातृ एवं शिशु 100 बिस्तर अस्पताल रायगढ़ में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी एक जटिल समस्या का सफल उपचार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाली 55 वर्षीय महिला लंबे समय से गर्भाशय में दर्द एवं गर्भाशय बाहर आ जाने की गंभीर समस्या से पीड़ति थीं। आर्थिक एवं भौगोलिक कारणों से महिला बड़े शहरों में उपचार नहीं करा पा रही थीं। मातृ एवं शिशु रोग अस्पताल रायगढ़ पहुंचने पर महिला की जांच सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल के नेतृत्व में तथा डॉ. अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में की गई। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉण दिशा ठाकुर क्षत्रिय एवं डॉ. उपमा पटेल द्वारा मरीज की पहले विस्तृत काउंसलिंग की गई।

## चरित्र शंका पर धारदार हथियार से काटा पत्नी का गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चरित्र शंका पर पति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी का गला काटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी ने खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पुसौर के नवापारा का रहने वाला सेतु चौहान 34 पिछले कुछ समय से पत्नी निशा चौहान 30 साल और दो बच्चों के साथ चमड़ा गोदाम में किराए के मकान में रह रहा था। उसे पत्नी पर चरित्र संदेह था। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार बहस होती थी। 1 जनवरी 2026 की रात दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। इसके बाद रात करीब 8 बजे सेतु पत्नी को सांगीतराई से बनसिया रोड पर लेकर गया और वहां उसके गर्दन पर लोहे के कत्ते से हमला कर दिया। निशा खून से लथपथ होकर गिर गई और मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर सेतु जूटमिल थाना पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे खून से सनी हुई निशा की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। बताया जा रहा है कि सेतु को जेल कॉम्पलेक्स क्षेत्र में रहने वाले किसी युवक के साथ पत्नी का अफेयर होने का संदेह था। जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया।

## 14 जनवरी को साल की पहली एकादशी फरवरी से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

भगवान विष्णु को प्रिय एकादशी व्रत का सनातन परंपरा में विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार साल भर में कुल 24 एकादशी पर्व होते हैं, जिनका निर्धारण तिथि के आधार पर किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार एकादशी का व्रत रखने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

शहर के प्रमुख मंदिरों में एकादशी को लेकर विशेष धार्मिक गतिविधियां होंगी। इस माह 14 जनवरी 2026 को साल की पहली एकादशी पड़ेगी, जो मकर संक्रांति के साथ आएगी। इस अवसर पर जिले भर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी,श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करेंगे। पंडित मनोहर आचार्य के अनुसार एकादशी व्रत का महत्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि और धार्मिक साधना का भी माध्यम है। उन्होंने बताया कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु की आराधना करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और पीढ़ियों तक इसका पुण्य फल मिलता है।



**नए साल में 81 दिन बढ़ेंगी विवाह की शुभ तिथियां**

धार्मिक तिथियों के साथ-साथ विवाह मुहूर्त को लेकर भी अच्छी खबर है। बताया गया कि नए साल में विवाह की शुभ तिथियों में वृद्धि होगी। कुल 63 दिन विवाह के लिए शुभ माने गए हैं, जबकि नवंबर और दिसंबर में विवाह मुहूर्त नहीं होने के कारण शादियों का आयोजन नहीं हो सका था।जनवरी 2026 के मध्य तक विवाह मुहूर्त नहीं है। फरवरी से विवाह की शुरुआत होगी। 3 फरवरी से गुरु अस्त होंगे, जिसके कारण कुछ समय तक विवाह मुहूर्त नहीं रहेगा। इसके बाद 4 फरवरी से विवाह की शुभ तिथियां प्रारंभ होंगी, जो फरवरी माह में ही समाप्त होंगी।

## दो किलो गांजा के साथ 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** दो किलो गांजा के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से नगदी रकम समेत बाइक को जब्त किया गया है। मामला शिवरीनारायण का है।

इस संबंध में िशवरीनारायण पुलिस सेि मली जानकारी के अनुसार बुधवार 31 दिसंबर मुखबिर से सूचना मिली कि शिवरीनारायण पुल चौक मेनरोड पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान दो व्यक्ति एक मोटर सायकल एचएफ डिलक्स में पिठठू बैग में बीच में रखकर अवैध गांजा लेकर शिवरीनारायण की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी



के कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम कीमती 18 हजार रुपये, नगदी रकम 7100 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जुमला कीमती 70 हजार 100 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपीगण के विरुद्ध धारा 20 (बी), 29 एन.डी.पी. एस. एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही सउनि रामप्रसाद बघेल थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र शुक्ला आरक्षक नितिन द्विवेदी, बलराम यादव शेषनारायण साहू थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

## जिले में साल 2025 में अपराध का ग्राफ हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा वर्ष 2025 की वार्षिक अपराध समीक्षा जारी की गई है, जिसमें लगभग सभी श्रेणियों में अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस की सक्रियताए सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

हत्या की बात करें तो वर्ष 2024 में 16 प्रकरणों की तुलना में वर्ष 2025 में 13 प्रकरण दर्ज हुए हैं, इस तरह 19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हत्या का प्रयास 12 से घटकर 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जोकि 33 प्रतिशत की कमी आई है। आपराधिक मानव वध 4 से घटकर 2 प्रकरण दर्ज हुए हैं, यानि 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। संपत्ति संबंधी अपराध नकबजनी 65 से घटकर 46 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिससे 30 प्रतिशत की कमी आई है। चोरी के 109 से घटकर 74 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 33 प्रतिशत की कमी आई है। बलात्कार के 22 से घटकर 18 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 19 प्रतिशत की कमी आई है। शीलभंग के 27 से घटकर 24 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें 22 प्रतिशत की कमी आई है। प्रताड़ना के 17 से घटकर 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 47 प्रतिशत की कमी आई है। बाल बलात्कार के 37 से घटकर 27 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 28 प्रतिशत की कमी आई है। अपहरण व्यपहरण के 70 से घटकर 61 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 13 प्रतिशत की कमी आई है। अपराध निराकरण वर्ष 2025 में कुल 2464 प्रकरण पंजीबद्ध किए गएए जिनमें से 94.46 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया है। शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

**पुलिस विभाग ने जारी की वार्षिक अपराध की समीक्षा**



**तीन बदमाशों को किया गया जिला बदर**

तीन आदतन अपराधी एवं बदमाश किस्म के व्यक्तियों को जिला बदर किया गया है। आबकारी के 908 प्रकरणों में 9884 लीटर शराब जब्त करते हुए 95 वाहनों को राजसात किया गया है। मादक पदार्थ 32 प्रकरणों में 884 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त 100 प्रकरणों में 3496 किलोग्राम मादक पदार्थ का नष्टीकरण।

**8 संगठित अपराध में की गई कार्रवाई**

नवीन कानून के तहत गिरोह बनाकर अपराध करने वालों के विरुद्ध 8 संगठित अपराध के प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। मर्ग के 543 प्रकरण दर्ज कर 81 प्रतिशत मामलों का निराकरण किया गया है। 2025 में कुल 467 गुमशुदा व्यक्तियों बालक 5ए बालिका 83ए पुरुष 107, महिला 272 को राज्य व अन्य राज्यों से खोजकर परिजनों को सौंपा गया है।

**भवन निर्माण प्रगति पर**

अधोसंरचना एवं तकनीकी सशक्तिकरण थाना केड़ारए चौकी कनकबीरा एवं पुलिस लाइन भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। थाना कोसीर एवं चौकी बेलादुला के नवीन भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है। दृष्टि अभियान के तहत सारंगढ़ में 30 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैंए जबकि जनसहयोग से पूर्व में 362 कैमरे जिले के विभिन्न थाना.चौकी क्षेत्रों में स्थापित किए जा चुके हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## धान खरीदी व्यवस्था से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर परेशान किसानों ने चक्काजाम कर दिया। सरकार के 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की घोषणा के बाद भी कुडूमकेला धान मंडी में 16 क्विंटल धान खरीदी की जा रही थी। ऐसे में 5 गांव किसानों ने अपनी मांगो को लेकर चक्काजाम कर दिया। जहां तकरीबन 4 घंटे तक ग्रामीणों का आंदोलन चला। पूरा मामला घरघोड़ा ब्लॉक के कुडूमकेला धान मंडी का हैएजहां किसानों से प्रति एकड़ 16 क्विंटल धान लिया जा रहा था। ऐसे में किसानों ने शासन के घोषणानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया।

मंडी के मेन रोड पर ग्रामीण सड़क पर बैठे और अपनी मांगो को लेकर नारेबाजी करने लगे। विरोध प्रदर्शन में कुडूमकेला, कोसमघाट,



पुरी, पुसल्दा और पिलाईदरहा के बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। साथ ही ट्रैक्टर में किसान धान लेकर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और आवागमन बाधित रहा। जब अधिकारियों को चक्काजाम की जानकारी लगीए तो घरघोड़ा से नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जिसके बाद किसानों का चक्काजाम समाप्त हुआ

### सलखन से रिंगनी आने जाने वालों को मिलेगी सुविधा

## 5 करोड़ 16 लाख की लागत से बन रहा 120 मीटर लंबा पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले में विभाग के माध्यम से करीब 5 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से 120 मीटर लंबा पुल तैयार हो रहा है। जिसके माध्यम से ग्राम सलखन से लेकर रिंगनी एवं खरौद आने जाने वालों को सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ इस मार्ग के माध्यम से शिवरीनारायण की दूरी भी कम होगी।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में पहली बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के माध्यम से सलखन से



सलखन में बन रहा पुल।

रिंगनी के मध्य 120 मीटर का पुल तैयार किया जा रहा है। इस पुल का निर्माण कार्य अप्रैल 2023 से शुरू हुआ है। वही अनुमान के अनुसार मार्च 2026 के बाद से इस पुल के माध्यम से आवाजाही शुरू हो जाएगी जिससे लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के माध्यम से लोग खरौद एवं अन्य मार्गों की ओर आवाजाही कर सकते हैं। हाई लेवल ब्रिज की लंबाई 1 किलोमीटर एवं 20 मीटर है। इसी प्रकार इसकी चौड़ाई 7 मीटर से अधिक की बताई जा रही है। बरसात के दिनों में देखा जाता है कि रिंगनी एवं सलखन मार्ग में स्थित पुल की ऊंचाई काफी कम होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। साथ ही लोगों को बरसात के दिनों में जांजगीर सहित शिवरीनारायण तरफ आने जाने में 20 से 25 किलोमीटर तक अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में पुल बनने के बाद लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। पुल निर्माण कार्य 5 करोड 16 लाख की लागत किया जा रहा है।

**चल रहा निर्माण कार्य**

ग्राम सलखन से रिंगनी के मध्य 120 मीटर लंबा पुल तैयार किया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है पुल बनने के बाद लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

-ऐश्वर्या कुमार वर्मा,
कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

## दिव्यांग दम्पत्ति को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

राज्य शासन की निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना दिव्यांगजनों के वैवाहिक जीवन को आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही है। योजना के अंतर्गत विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम.कोतरा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग अनिल कुमार महंत को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वित्त मंत्री एवं जिले के विधायक ओपी चौधरी के हाथों प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने पर हितग्राही अनिल कुमार महंत ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि इस सहायता राशि से वे अपने भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि अनिल कुमार महंत द्वारा समाज कल्याण विभाग रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के पश्चात डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यदि दम्पत्ति में एक व्यक्ति दिव्यांग हो तो 50 हजार रुपए तथा दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बनी काल, सड़क हादसे में युवक की मौत

**राउरकेला।** शहर में तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। पानपोष हॉकी चौक बालूघाट क्षेत्र के पास बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गईए जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सायन महांति के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवकों में आशिष टेटे और रवींद्र महतो शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर हनुमान वाटिका बाइपास रोड से तरकेरा की ओर जा रहे थे। बालूघाट चौक के समीप बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे तेज गति में चल रही बाइक सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रघुनाथपाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सायन महांति को मृत घोषित कर दिया, जबकि आशिष टेटे और रवींद्र महतो की हालत नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आदिवासी अस्मिता, संस्कृति व परंपरा का मना उत्सव

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले ने अपना 79वां जिला स्थापना दिवस आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा के भव्य उत्सव के रूप में मनाया। जिला प्रशासन एवं जिला संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन में पूरा शहर उत्साह और सांस्कृतिक गौरव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरगढ़ की अधिष्ठात्री देवी माँ समलेई के मंदिर में पूजा अर्चना से हुई, जिसके बाद भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा समलेई मंदिर से प्रारंभ होकर राजबाटी चौक, रीजेंट मार्केट, सुनारीपड़ा, रंगाढिपा चौक, अटल चौक, डीआरडी, चौक, पुराने बस स्टैंड, राउरकेला चौक होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर चौक से नारी कल्याण केंद्र पहुंची, जहां पावन मशाल की स्थापना की गई। करीब पांच किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में जिले के 17 ब्लॉकों से आए 17 सांस्कृतिक दलों और ढोल नगाड़ा दलों ने भव्यता बढ़ाई। उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई और नगराध्यक्ष तनया मिश्रा मशाल लेकर अग्रिम पंक्ति में रहे। जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र का आदिवासी पारंपरिक परिधान में शामिल होना मुख्य आकर्षण रहा। उनके साथ एसपी अमृतपाल कौर, उपजिलाधिकारी तेजस्विनी बेहरा सहित अन्य अधिकारी भी पारंपरिक वेश में पैदल चले। स्थापना दिवस पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा इतिहास और संस्कृति पर विशेष परिचर्चा आयोजित हुईए जिसका उद्घाटन डॉ. शुभंकर महापात्र ने किया।

### प्राकृतिक आपदा 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम कुडुकेला निवासी स्व अन्तोनिस कुजूर का आकाशीय बिजली से 14 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी जुलिया हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षण धमतरी में

**जशपुरनगर।** अग्निवीर थल सेना भर्ती के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण परीक्षा का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि, जशपुर जिले के चयनित अभ्यर्थियों को उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। अर्थात सभी चयनित अभ्यर्थी 5 जनवरी 2026 तक जिला रोजगार कार्यालय, जशपुर में अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# जिले में 5 करोड़ 22 लाख की लागत से बनेंगे 18 महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल बनकर उभर रही हैं। कभी सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली महिलाएं अब आर्थिक, सामाजिक और सामुदायिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार और समाज में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। इसके पीछे महतारी वंदन योजना, महतारी सदन और ई-रिक्शा वितरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का बड़ा योगदान है।जिले की दो लाख से अधिक महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 448 करोड़ रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। इस आर्थिक सहयोग से महिलाओं को न केवल आय का संबल मिला है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कई महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर परिवार की आय बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का बनेंगे केंद्र**

**साय सरकार की योजनाओं से बदली जशपुर की महिलाओं की पहचान**




### ग्रामीण समाज में महिला सशक्तिकरण की नई कहानी

महतारी सदन और ई-रिक्शा जैसी योजनाएं मिलकर जशपुर जिले में महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। महिलाएं आज आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानित और आत्मनिर्भर बनकर उभर रही हैं। साय सरकार की ये पहलें न केवल वर्तमान, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध हो रही हैं।

### महिलाओं की जुबानीकृबदली जिंदगी की कहानी

कुर्राग की सावित्री भगत बताती हैं कि, पहले प्रशिक्षण के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोनक्यारी की रजनी पैंकरा ने बताया कि, महतारी सदन महिलाओं के लिए सिर्फ भवन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की नींव है।

### ई-रिक्शा वितरण से महिलाओं को मिला नया आत्मसम्मान

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के अवसर पर 12 स्व-सहायता समूहों की दीदियों को ई-रिक्शा प्रदान किए। आज ये महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर न केवल नियमित आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा भी सुलभ करा रही हैं। तपकरा की राजकुमारी पैकरा कहती हैं कि, ई-रिक्शा से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। छेरडांड की संगीता देवी बताती हैं कि, अब वे आत्मविश्वास के साथ काम कर रही हैं।

### महतारी सदन बना महिलाओं के संगठन और प्रशिक्षण का केंद्र

ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन एक महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आया है। महिलाओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त और संगठित मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साय सरकार ने जशपुर जिले में 18 महतारी सदन भवनों की स्वीकृति दी है। प्रत्येक भवन के लिए 29 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कुल 5 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ये भवन महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण, बैठक, कौशल विकास और आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनेंगे। इन महतारी सदनों में महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, मशरूम उत्पादन, घरेलू उद्योग, पैकेजिंग और विपणन जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे महिलाओं में सामूहिक निर्णय क्षमता, नेतृत्व गुण और सामाजिक एकता को मजबूती मिल रही है। जिले के बगीचा विकासखंड के कुर्राग और रंगले, पत्थलगांव के लुड़ेग, बागबहार और सुरंगपानी, मनोरा के सोनक्यारी और मनोरा, जशपुर के लोखंडी और आरा, कुनकुरी के ढोढ़ीबहार, केराडीह और नारायणपुर, कांसाबेल के बगिया, दोकड़ा और बटईकला, तथा फरसाबहार के केरसई, पंडरीपानी और गारीघाट पंचायतों में इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

## पुलिस जवानों के साथ सड़कों पर निकली जागरूकता रैली

# कलेक्टर, एसएसपी ने हेलमेट पहनकर दिया सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जशपुर में शुक्रवार को प्रशासन और पुलिस ने अनोखी पहल की। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रोहित व्यास और शशि मोहन सिंह खुद हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल पर सवार हुए और 70 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ शहर में बाइक रैली निकाली।

### शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी रैली

हेलमेट रैली की शुरुआत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर से हुई रैली महाराजा चौक, बस स्टैंड, गिरांग चौक होते हुए नेशनल हाईवे-43 पर ग्राम घोलेंगे तक पहुंची। इसके बाद डोड़का चौरा चौक, गम्हरिया चौक, हाउसिंग बोर्ड और रणजीता स्टेडियम चौक से गुजरते हुए रैली का समापन वापस एसडीओपी कार्यालय में किया गया।




### कलेक्टर बोले- सिर्फ चालक ही नहीं, पीछे बैठने वाला भी पहने हेलमेट

रैली के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, घर से बाइक से निकलते समय चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि, हेलमेट न पहनना छोटी लापरवाही जरूर लगती है, लेकिन यही लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### एसएसपी का संदेश- एक गलती, पूरा जीवन बदल सकती है

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि, अधिकांश दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में मौत सिर में गंभीर चोट लगने से होती है। हेलमेट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

## यातायात अनुशासन से सड़क हादसों में मौतों आंकड़ा घटा

**जशपुरनगर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों को गंभीर चुनौती के रूप में लेते हुए जशपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में व्यापक रणनीति अपनाई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वर्ष 2024 में सड़क हादसों में जहां 341 लोगों की मृत्यु हुई थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा घटकर 310 पर आ गया। हालांकि यह संख्या अभी भी चिंता का विषय है, लेकिन मौतों में आई यह कमी पुलिस के निरंतर प्रयासों का संकेत देती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जिलेभर में यातायात नियमों के पालन को लेकर दोहरी नीति अपनाई गई एवं एक ओर जागरूकता अभियान, दूसरी ओर सख्त चालानी कार्रवाई की गई। स्कूलों, कॉलेजों, बाजार-हाट और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा मितानों के माध्यम से लोगों को नियमों की महत्ता समझाई गई।

**आंकड़ों में दिखी सख्ती-** यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई के आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि, पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने में कोई कोताही नहीं बरती। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ वर्ष 2024 के 12 मामलों की तुलना में 2025 में 326 प्रकरण, जिनमें 31.75 लाख रुपए जुर्माना वसूला।




- 2025 में वसूला गया 77 .86 लाख रुपए का जुर्माना

**थ्री 'ई' मॉडल से मिली सफलता-** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जशपुर पुलिस थ्री 'ई' मॉडल पर काम कर रही है। जिसके तहत इंजीनियरिंग अति दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर पीडब्लूडी व एनएच के माध्यम से सड़क सुधार। एजुकेशन- आमजन को यातायात नियमों के प्रति सतत जागरूक करना।

**इंफोर्समेंट नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें, ओवर स्पीड से बचें और नशे में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा का माध्यम है।

## किशोर व किशोरियों का झारसुगुड़ा शैक्षणिक दौरा



**सुंदरगढ़।** किशोर किशोरियों में शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुन्दरगढ़ जिला समाज कल्याण अधिकारी के तत्वावधान में एक अंतर जिला शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 32 किशोर किशोरियों ने झारसुगुड़ा जिले का शैक्षणिक एवं अध्ययनात्मक भ्रमण किया, जो उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे सुन्दरगढ़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर सूरज कुमार पटनायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने किशोर किशोरियों को इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमणों के माध्यम से सीखने, आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान दल ने सर्वप्रथम झारसुगुड़ा के दुरलगा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित आद्रिका सत्र में भाग लिया, जहां किशोर सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन कौशल से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इसके पश्चात सखी निवास में संचालित स्किल ओडिशा केंद्र का भ्रमण किया गया, जहां निःशुल्क प्रशिक्षण और रोजगार अवसरों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त दल ने झारसुगुड़ा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन यूनिट और कालिका केंद्र का दौरा किया।

## शहर भर में स्वर्ण धनुष यात्रा की हुई परिक्रमा कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्य मार्ग में यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

हनुमान वाटिका में पूजा अर्चना के बाद दो जनवरी की दोपहर स्वर्ण धनुष की पावन यात्रा प्रारंभ हुई, जो अयोध्या के रामलला के लिए अर्पित की जाएगी। यह यात्रा वाटिका से शुरू हुई और रिंग रोड, आरएमसी चौक, उदित नगर, मेन रोड, डेली मार्केट, प्लांट साइट, नाला रोड, टैक्सी स्टैंड, मधुसूदन चौक, बिसरा चौक होते सेक्टर की परिक्रमा कर होटल मैफेयर विलेज़ पहुंची।

सनातन जागरण मंच के बैनर तले संयोजक की अगुवाई में स्वर्ण धनुष यात्रा की परिक्रमा हुई । शनिवार को शुभ मुहूर्त में राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना होगी। यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक महत्व की है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और आस्था का भी प्रतीक है। हनुमान वाटिका से यात्रा भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिभावपूर्ण बना दिया।

- राउरकेला से श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए आज रवाना

कार्यक्रम का औपचारिक कालिदास संत कालिदास महाराज ने किया, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूजा अर्चना और विधिवत अनुष्ठानों के बाद पंचधातु से निर्मित स्वर्ण धनुष को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच स्वर्ण धनुष यात्रा राउरकेला शहर के मुख्य मार्ग से गुज़री, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।वहीं जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया। तमिलनाडु के कांची पुरम में निर्मित स्वर्ण धनुष का कुल वजन लगभग 286 किलो है, जिसमें सोना लगभग 986 ग्राम, चांदी ढ़ाई किलो और शेष लोहा, तांबा एवं कॉपर है। यह धनुष ओडिशा के 30 जिलों से गुजरते हुए 22 जनवरी को अयोध्या स्थित रामलला के पास पहुंचकर स्वर्ण धनुष को प्रभू श्री राम को अर्पित किया जाएगा।

## बंडामुंडा में नव निर्मित आंगनबाड़ी का उद्घाटन



**राउरकेला।** रेलनगरी बंडामुंडा के डीज़ल कॉलोनी अंतर्गत मुखी बस्ती में बच्चों और महिलाओं के विकास को सशक्त आधार प्रदान करने के उद्देश्य से नव निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। राउरकेला के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री दिलीप राय ने पश्चिम ओड़िशा विकास परिषद के फंड से निर्मित इस आंगनवाड़ी भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। वार्ड संख्या 23 में लगभग तीन लाख रुपये की लागत से तैयार यह भवन क्षेत्र के सामाजिक ढांचे को मजबूती देगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दिलीप राय ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा मातृ शिशु स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत आधार होते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि बुनियादी सुविधाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और बच्चों को बेहतर भविष्य की मजबूत नींव मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचे। स्थानीय नागरिकों ने आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बच्चों और महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा क्षेत्रीय विकास के प्रति दिलीप राय के निरंतर प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात दिलीप राय बंडामुंडा के सी सेक्टर स्थित रेलवे पेंशनर एसोसिएशन कार्यालय पहुंचे।

## किसानों से की सीधी बातचीत कर जानी समस्याएं

# करडेगा धान खरीदी केंद्र पहुंचे जिपं अध्यक्ष साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू की जा रही नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जिले के करडेगा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र में मौजूद किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं, अनुभव और धान खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि, किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध तरीके से संपन्न की जाए, ताकि किसानों को भरोसेमंद और सहज व्यवस्था मिले।



### किसानों की सुविधा सर्वोपरि: साय सरकार की प्राथमिकता

श्री साय ने खरीदी केंद्र में पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया, तौल व्यवस्था और साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की सुविधा और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी हर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### समय पर तौल और भुगतान पर विशेष जोर

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का धान समय पर तौला जाए और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि किसी भी स्तर पर कोई समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान श्री साय ने कर्मचारियों से कहा कि धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है, ताकि किसानों को बार-बार केंद्र के चक्कर न लगाने पड़ें और शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ उन्हें मिल सके।निरीक्षण के अवसर पर समिति के कर्मचारी, संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर तीर्थाराम को दी गई भावभीनी विदाई




**जशपुरनगर।** कलेक्टोरेट कार्यालय जशपुर में पदस्थ रहे सहायक ग्रेड-2 तीर्थाराम साहू के सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में एक आत्मीय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम विश्वासराव मस्के सहित कलेक्टोरेट कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने प्रिय सहकर्मी को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंट एवं माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक विदाई दी। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने श्री साहू के लंबे सेवाकाल को स्मरण करते हुए कहा कि, उन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन में सदैव ईमानदारी, समयबद्धता और निष्ठा का परिचय दिया। सामान्य प्रशासनिक कार्यों से लेकर जटिल फाइल प्रबंधन तक, उनकी कार्यशैली अनुकरणीय रही है। कार्यालय में उनका शांत स्वभाव, सहयोगी दृष्टिकोण और हर कर्मचारी की सहायता के लिए तत्पर रहना उन्हें सभी के बीच अत्यंत प्रिय बनाता रहा।



# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।



## लाइफ Style

# अलीजेह

## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवार हो चुका है। ऐसे में इलेंवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

## टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

## भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पाट्र्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहब:*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल :*** खतरनाक जासूस और मायासभाः 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉरः*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

*नई दिल्ली। नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*

### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवावदन किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'



***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।


### *धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत*

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### *विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं*

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*

# अतिथियों ने हरिभूमि के सामाजिक सरोकारों को सराहा, किया गया कैलेंडर का विमोचन



हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को हरिभूमि प्रेस कार्यालय में हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस मौके पर धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत पठारे, नगरनिगम महापौर जीवर्धन चौहान, एसीईओ महेश पटेल, कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष शाखा यादव, बीजेपी कोषाध्यक्ष

■ आम जन की आवाज है हरिभूमि



सनत नायक समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। हरिभूमि प्रेस परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने हरिभूमि की सराहना करते हुए कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र आम जनता की आवाज बनकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। वहीं जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने अपने उद्बोधन में हरिभूमि की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरे द्वारा शहर की हर जानकारी को जानने के लिए हरिभूमि का पठन किया जाता है।

### हरिभूमि एक विशाल वृक्ष की तरह

विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान ने कैलेंडर प्रकाशन पर बधाई देते हुए कहा कि 25 वर्ष पूर्व शुरू हुआ हरिभूमि अब एक विशाल वट वृक्ष बन चुका है, तथा जनता से जुड़े मुद्दों को मुखरता से प्रकाशित करता है। कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ आईएएस अभिजीत बबन पठारे ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि, देश और प्रदेश स्तर पर रायगढ़ अंचल को एक नई पहचान दिलाने में हरिभूमि अखबार और हरिभूमि अखबार संचालन कर रहे रायगढ़ जिले की टीम का महत्वपूर्ण योगदान है। एसडीएम महेश शर्मा ने हरिभूमि अखबार की सराहना करते हुए कहा कि हरिभूमि जिले की हर छोटी से बड़ी घटनाक्रमों को प्रमुखता से सामने लाता है। विमोचन कार्यक्रम में जिला पंचायत एसीईओ महेश पटेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सनत नायक, जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के पूर्व अध्यक्ष पुनीत राठिया भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने हरिभूमि के सामाजिक सरोकार के तहत प्रकाशित की कैलेंडर की सराहना की।

# धान खरीदी में लापरवाही, दो समिति प्रबंधकों का छीना वित्तीय प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जमरगीडी के सहायक समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी दीनबंधु पटेल और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कापू के सहायक समिति प्रबंधक श्यामनारायण दुबे का वित्तिय प्रभार समाप्त कर दिया गया है।

दोनों समिति प्रबंधकों द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही थी। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार इनके द्वारा बार बार निर्देशों की अवहेलना कर मनमाने ढंग से धान खरीदी की जा रही थी। कारण बताओ सूचना पत्र का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उनका वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त किया गया है। इसी तरह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कापू के सहायक समिति प्रबंधक श्यामनारायण दुबे द्वारा भी शासन निर्देशों की अनदेखी करते हुए धान खरीदी में लापरवाही बरती गई। जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर उनका भी वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छाल के सहायक समिति प्रबंधक ठण्डाराम बेहरा तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोड़ासिया पंक्र 833 के समिति प्रबंधक व फड़ प्रभारी प्रहलाद बेहरा द्वारा गंभीर लापरवाही एवं कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत न करने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित खड़गांव पंक्र 180 में धान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी के विरुद्ध गाली गलौच एवं धमकी की शिकायत जांच में सही पाई गई। वहीं सहायक समिति प्रबंधक कृपाराम राठिया द्वारा भी धान खरीदी में गंभीर लापरवाही सामने आई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

■ तीन को किया गया निलंबित, कार्रवाई से मचा हड़कंप

### जिले में अब तक 2.67 लाख एमटी धान की खरीदी, 1.42 लाख एमटी का उठाव

अब तक जिले में 43 हजार 714 किसानों द्वारा धान विक्रय किया जा चुका है। कुल 2 लाख 67 हजार 512.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, जिसमें 1 लाख 99 हजार 151.84 मीट्रिक टन मोटा धान एवं 68 हजार 360.28 मीट्रिक टन पतला धान शामिल है। धान खरीदी के साथ साथ उठाव कार्य भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान में से अब तक 1 लाख 42 हजार 007.10 मीट्रिक टन धान का उठाव पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 1 लाख 94 हजार 991.60 मीट्रिक टन धान का डीओ डिलीवरी ऑर्डर जारी किया गया है।

### राजपत्र में हो चुका है प्रकाशित

छत्तीसगढ़ राजपत्र असाधारण के अनुसार बीते 15 नवम्बर से 31 जनवरी तक संपूर्ण धान खरीदी अवधि में धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी कर्मचारियों पर आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू है। जिला प्रशासन ने सभी समितियों को निर्देशित किया है कि धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप किया जाएए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन की योजनाओं का लाभ सही रूप में हितग्राहियों तक पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने लिया निर्माण कार्यो का जायजा

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर में बढ़ते यातायात दबाव और नागरिक सुविधाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय तथा नगर निगम की तकनीकी टीम के साथ ट्रक पार्किंग स्थल एवं पुराने सारंगढ़ बस स्टैंड का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों स्थलों पर आम नागरिकों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और शहर का विकास सुव्यवस्थित रूप से हो।

### हेलमेट पहनकर निकाली जागरूकता रैली

**कटेली।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से थाना बरमकेला पुलिस स्टाफ के द्वारा आज 02 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के तहत टाउन बरमकेला में एक भव्य एवं अनुशासित बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे अनुशासन के साथ हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिलों पर सवार नजर आए, जिससे लोगों को सुरक्षा का स्पष्ट संदेश दिया गया।

### आयुर्वेद अधिकारी संघ ने किया कैलेंडर विमोचन

**बुनगा बड़े भंडारा।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा रायगढ़ का वार्षिक कैलेंडर विमोचन जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा ने किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, उपाध्यक्ष डा. करुणा सागर पटेल, महामंत्री डॉ अजय नायक, संरक्षक डॉ मित्र भानु गुप्ता, सचिव डॉ संजीव पटेल, मीडिया प्रभारी डा. प्रशांत सक्सेना डॉ सादिक, डॉ राजेश पटेल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### टपरदा से एनएच रोड तक सड़क बनाने की मांग

**पुसौर।** ग्राम टपरदा में खेल मैदान समतलीकरण कार्य के लिये वहां सैकडों ट्रकों से फ्लाईएश डाले गए। जिसका वजन 15 से 20 टन होने के कारण टपरदा से एनएच रोड तक का मुख्य मंत्री ग्राम सडक पूरी तरह से खराब हो चुका है। वर्तमान स्थिति में बाइक और चार पहिया वाहन चालकों को जाने आने में परेशानी उठाना पड़ रहा है। उक्त सड़क फ्लाईएश वाहनों चलने के पूर्व ठीक था और लोग आराम से खेती के ट्रैक्टर, कार बोलेरो आदि के साथ आना जाना करते थे।

# अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप का विजेता बना केशवपुर, उपविजेता चंडीपारा



**तमनार।** सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा आयोजित 17 वां वर्ष अंतर्राज्जीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप तमनार में 30 टीमों ने भाग लिया था। सेमिफाइनल मुकाबला केशवपुर विरुद्ध बरभांठा एवं चंडीपारा विरूद्ध तमनार खेला गया। फायनल मुकाबला विजेता केशवपुर को 1 लाख 51 हजार व करण कप उपविजेता चंडीपारा को 61 हजार व करण कप ट्रॉफी प्रदाय किया गया।

तृतीय पुरुस्कार तमनार को पन्द्रह हजार व करण कपएमेंन ऑफ दी सीरीज टेनिस केशवपुर को 1 हजार 5 सौ रुपए व ट्रॉफी एवं गीजर, मेन ऑफ दी मैच सुमित केशवपुर, संयोजक राज पटनायक व बेस्ट फील्डर अंशु तमनार, बेस्ट बॉलर धनेश्वर, बेस्टमेंन नवीन साव, दर्शक करण साहू, भोगी राम, कमेंट्री दुलेन्द्र पटेल, आशीष मिश्रा, उज्वल, स्कोरर अभिषेक साव, आयुष साहू, अम्पायर आशीष, गौरव, योगेंद्र, कृष्णकांत, अंकित, राकेश सहित अन्य खिलाड़ियों को पुरुस्कार प्रदान किया गया। सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला व समस्त ग्रामवासी तमनार द्वारा आयोजित करण कप स्पर्धा में पधारे अतिथियों का आतिशबाजी गाजे बाजे के साथ श्रीफल से भव्य स्वागत किया गया। फायनल मैच का शुरुआत खिलाड़ियों की परिचय के बाद केशवपुर विरूद्ध चंडीपारा टॉस किया गया। टॉस विजेता चंडीपारा ने पहले गेंदबाजी किया। केशवपुर ने 8 ओवर में 121 रन बनाया जिसका पीछा करते चंडीपारा के बल्लेबाजों ने धीमी शुरुआत के साथ 8 विकेट खोकर 76 रन बनाकर 45 रन से मैच हार गए। केशवपुर ने बेहतरीन बल्लेबाजी व गेंदबाजी करते फायनल मुकाबला जीत लिया।

### संस्कार स्कूल के नन्हें बच्चों ने मनाया नव वर्ष

**रायगढ़।** शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नन्हे मुन्ने बच्चों ने हंसी ठिठौली व मनोरंजक खेलकूद के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के साथ क्रिसमस का त्यौहार भी मनाया। उनकी खुशी में स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा, प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा सहित टीचर्स भी शामिल हुए। स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बच्चों को मनोरंजक खेल कराए और उन्हें टाफियां खिलाकर नववर्ष पर मन लगाकर अच्छी पढ़ाई करने व जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था में हर तीज त्यौहार के साथ महत्वपूर्ण दिवसों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके माध्यम से बच्चों को हमारे देश की संस्कृति व जीवनोपयोगी सीख दिए जाते हैं। इसी कड़ी में क्रिसमस व नववर्ष मनाया गया।

# फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में आरोपी को दिया 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटेली।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना सरिया के अपराध में जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है जिसमें आरोपी गजानन उर्फ छोटे सिदार पिता नकुल सिदार निवासी ग्राम भीखमपुरा थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जो कि नाबालिक पीड़िता जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम आयु को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर, सुने मकान में लेजाकर जबरन शारीरिक सबध स्थापित किया था। और उसे जान से मारने की धमकी दिया गया था।



जिसके संबंध में उनके परिजन के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर थाना . सरिया में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीड़ित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ के द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आज आरोपी को भान्यायस की धारा 137 2 के तहत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रु जुर्माने से दंडित किया गया है एवं धारा 87 के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 (1) में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। इस प्रकरण में शासन की ओर से प्रफुल्ल कुमार तिवारी, विशेष लोक अभियोजक ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।

# प्रेस क्लब छाल का गठन, योगेश अध्यक्ष, बोध चुने गए सचिव



**छाल।** क्षेत्र के पत्रकारों की एक आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से प्रेस क्लब छाल का विधिवत गठन किया गया। इस बैठक में पत्रकारिता के हितों की रक्षा और क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया गया।

निर्विरोध चुनी गई कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जो इस प्रकार है। संरक्षक बुधराम अग्रवाल, अध्यक्ष योगेश राठौर, सचिव बोध दुबे, उपाध्यक्ष विजय कुमार राठौर एवं रामकृष्ण पाठक, कोषाध्यक्ष नीरज विश्वास, सह सचिव रामायण लाल केवट। नवनियुक्त अध्यक्ष योगेश राठौर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब छाल का उद्देश्य क्षेत्र में निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना और पत्रकार साथियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहना है। सचिव बोध दुबे ने कहा कि जल्द ही क्लब की आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य महेंद्र सिंह सिदार, मनोज अग्रवाल सहित प्रेस क्लब के अन्य सभी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए क्लब की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही।

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में निर्माणाधीन कलेक्टोरेट सयुंक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग एसडीएम और तहसील कार्यालय भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार निर्माण निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएल पैकरा एवं ठेकेदार को दिए।

इसके बाद डॉ कन्नौजे ने खेलभांठा मैदान में निर्माणाधीन मंच निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के हॉस्टल के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया और एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कंपोजिट बिल्डिंग, एसडीएम और तहसील कार्यालय, मंच, पुराने छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य से लोगों को एक ही स्थान में सभी ऑफिस की सुविधा मिलेगी।

# बहिरकेला में भरत साहित्य मंडल लोहरसिंग का वार्षिक सम्मेलन



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से ग्राम लोहर सिंह में भरत साहित्य मंडल की स्थापना हुई है। जिसमें 1000 से अधिक साहित्यानुरागी एवं कवि हृदयों का एक समूह है, जिनके संयुक्त तत्वावधान में जिले ही नहीं बल्कि देश के कई स्थानों में साहित्य सम्मेलन का आयोजन होता रहा है। इसी कड़ी में इसका वार्षिक काव्य सम्मेलन घरघोड़ा विकास खण्ड के ग्राम बहिरकेला में किया गया।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम बिहार बक्सर के डा. कमलेश्वर श्रीवास्तव का काव्य संग्रह कमल की पंखुड़ियाँ जिसका प्रकाशन भरत साहित्य मंडल लोहरसिंग के द्वारा किया गया है, का विमोचन किया गया और एक संक्षिप्त समीक्षा भी की गई। साथ ही इस मंडल की वार्षिक साहित्यिक पत्रिका साहित्यानुराग अंक 5 का भी विमोचन किया गया। जिसमें मंडल के प्रतिनिधि रचनाकारों की कविताएं संग्रहित हैं। इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई। स्थापना दिवस से ही भरत साहित्य मंडल अपने नीतियों के अनुसार छंद बद्ध रचना को प्रोत्साहित करता आ रहा है तथा नवोदित रचनाकारों को छंद युक्त रचना करने के लिए मार्गदर्शन और मंच दे रहा है। इस मंडल नें अपने दूसरे लक्ष्य में सुदूर ग्रामीण अंचलों में अपने कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीण हिन्दी सेवियों की पहंचान किया है और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया जिससे समाज की रीतियां, समस्याएं, जीवन शैली आधारित मौलिक चिंतन को साहित्य में स्थान मिल रहा है।

### विद्यार्थियों में विकसित हो रहा वैज्ञानिक दृष्टिकोण

# सरस्वती अंग्रेजी माउमा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का सफल एवं आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा विज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, पर्यावरण, गणित तथा आधुनिक तकनीक से संबंधित विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण, स्मार्ट सिटी, मानव शरीर, हरित ऊर्जा एवं रोबोटिक्स जैसे विषयों पर आधारित मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों ने अपने अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। इस अवसर पर समलाई बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर पटेल, सचिव सुपचंद पटेल, समिति के सदस्य शरद अग्रवाल एवं राजेश डनसेना उपस्थित रहे। साथ ही हिंदी माध्यम के प्राचार्य जगन्नाथ नायक एवं अंचल गुप्ता की भी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन किया एवं उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी नवाचार के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### वार्षिक खेल का आयोजन

सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में खेल भावना और अनुशासन का सुंदर दृश्य देखने को मिला। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। खेल उत्सव में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन एवं अतिथियों द्वारा की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

